**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

## IQAC की बैठक के कार्यवृत्त

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी) समिति की बैठक दिनांक 04.01.2024 (गुरुवार) को अपराह्न 02:30 बजे विश्वविद्यालय के वाचस्पति सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में निम्न सम्मानित सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. मुरली मनोहर पाठक, माननीय कुलपति महोदय | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. ब्रह्म प्रकाश भारद्वाज, शैक्षिक अनुसंधान प्रभाग, NCERT | बाह्य सदस्य |
| 3. | श्री आलोक कुमार, सलाहकार (ऑनलाइन) | बाह्य सदस्य |
| 4. | प्रो. जयकांत सिंह शर्मा, पीठाध्यक्ष, वेद वेदांग | सदस्य |
| 5. | प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल, पीठाध्यक्ष, साहित्य संस्कृति | सदस्य |
| 6. | प्रो. मीनू कश्यप, पीठाध्यक्ष, आधुनिक विद्या (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 7. | प्रो. सदन सिंह, पीठाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र | सदस्य |
| 8. | प्रो. ए.एस. आरावमुदन, पीठाध्यक्ष, दर्शन | सदस्य |
| 9. | प्रो. यशवीर सिंह, पीठाध्यक्ष, छात्र कल्याण | सदस्य |
| 10. | प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज, आचार्य, शिक्षाविभाग | सदस्य |
| 11. | प्रो. शिव शंकर मिश्र, शोधविभागाध्यक्ष | सदस्य |
| 12. | डॉ. सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, वित्ताधिकारी एवं कुलसचिव (प्र.) | सदस्य |
| 13. | डॉ. तारकेश्वर नाथ गिरी, परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 14. | डॉ. रामचन्द्र शर्मा, आचार्य, न्याय विभाग | सदस्य |
| 15. | डॉ. एस. सुदर्शन, आचार्य, विशिष्टाद्वैतवेदान्त विभाग | सदस्य |
| 16. | डॉ. अभिषेक तिवारी, आधुनिक ज्ञान विभाग | सदस्य |
| 17. | श्री सुब्बा सिंह, सहायक कुलसचिव, शैक्षणिक | सदस्य |
| 18. | श्री राजेश कुमार, सहायक कुलसचिव, विकास | सदस्य |
| 19. | प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी, निदेशक (आई.क्यू.ए.सी) | सदस्य सचिव |

**सम्मानित सदस्यों में से प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, श्री विशाल मलिक, डॉ. चंचल कुमारी तथा श्री ब्रिजेश पाठक किसी कारणवश बैठक में सम्मलित नहीं हो सके।**

प्रो. जयकांत सिंह शर्मा द्वारा मंगलाचरण किया गया। निदेशक-आई.क्यू.ए.सी. प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी ने समिति के सभी सदस्यों का स्वागत कर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही आरंभ की।

प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी, निदेशक-आई.क्यू.ए.सी ने समिति में उपस्थित सभी बाह्य एवं आंतरिक सम्मानित सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा सभी सदस्यों से विश्वविद्यालय की NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद) द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता की ग्रेडिंग प्राप्त करने हेतु मूल्यांकन और

राजेश कुमार
सहायक कुलसचिव
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

4/1/24

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutab Institutional Area, New Delhi-110016

मान्यता की प्रक्रिया में सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया। निदेशक- आई.क्यू.ए.सी. द्वारा समिति में कार्यसूची को क्रमानुसार उपस्थापित किया गया।

कार्यसूची संख्या-1: दिनांक 4 अक्तूबर 2023 को आयोजित आई.क्यू.ए.सी बैठक का कार्यवृत्त विचारार्थ व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

**दिनांक 4 अक्तूबर 2023 को सम्पन्न हुई आई.क्यू.ए.सी की बैठक में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई।**

कार्यसूची संख्या-2: दिनांक 04 अक्तूबर 2023 को आयोजित बैठक में पूर्व IQAC की बैठक के निर्णयों के तारतम्य में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन (Action Taken Report) समिति के विचारार्थ व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

दिनांक 4 अक्तूबर 2023 को सम्पन्न हुई आई.क्यू.ए.सी की बैठक में लिए गए निर्णयों पर क्रियान्वयन के विषय में समिति द्वारा पुष्टि की गई, साथ ही भारतीय भाषा समिति द्वारा की जाने वाली गतिविधियाँ विश्वविद्यालय की हैं। इसलिए भाषा समिति द्वारा विश्वविद्यालय में कराई जाने वाली सभी गतिविधियों को NAAC में आवश्यक रूप से ग्रहण करने के विषय में गहन चर्चा हुई तथा निष्कर्षत: भा.भा.स. के अध्यक्ष महोदय से इस सम्बन्ध में वार्ता करनी चाहिए। भारतीय भाषा समिति को पूर्व में प्रेषित पत्र के सम्बन्ध में कोई उत्तर प्राप्त न होने के कारण एक स्मरण पत्र प्रेषित करने का निर्णय भी लिया गया तथा यह भी **सुझाया गया कि माननीय कुलपति महोदय भा.भा. समिति के सदस्य सचिव हैं, अतः वे ही माननीय अध्यक्ष भा.भा. समिति से वार्ता कर इसे निश्चित कर सकते हैं कि किस रूप में भा.भा. समिति की गतिविधियों को ग्रहण किया जाय। साथ ही NAAC को प्रेषित किये जाने वाले IIQA हेतु पूर्व में प्रदत्त शुल्क के विषय में** चर्चा हुई माननीय कुलपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि एक बार इस सन्दर्भ में वित्ताधिकारी महोदय नैक से वार्ता करें।

कार्यसूची संख्या-3: AQAR वर्ष 2022-23 का प्रतिवेदन समिति की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

वर्ष 2022-23 की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (AQAR) समय पर प्रस्तुत करने पर सभी समिति के सदस्यों ने प्रशंसा एवं सराहना की। समिति द्वारा 2022-23 की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट की प्रस्तुति की पुष्टि की गई।

कार्यसूची संख्या-4: विश्वविद्यालय के IIQA को नैक पोर्टल पर प्रस्तुत करने तथा पूर्व में जमा किये **गये IIQA के शुल्क के सम्बन्ध में विचारार्थ प्रस्तुत।**

**विश्वविद्यालय के IIQA को नैक पोर्टल प्रस्तुत किये जाने के विषय में समति में गहन चर्चा की गई। समिति** सदस्य वित्ताधिकारी द्वार सुझाया गया कि निर्धारित शुल्क को नियमानुसार यथा शीघ्र पुनः जमा करा दिया जाना चाहिए, जिससे IIQA के कार्य को शीघ्र प्रारम्भ किया जा सके। पूर्व प्रदत्त शुल्क के विषय में वार्तालाप होता रहेगा। उसका समाधान समयानुसार कर लिया जायेगा।

कार्यसूची संख्या-5: विश्वविद्यालय द्वारा NEP-2020 के अनुसार स्नातक कक्षाओं के निर्धारित पाठ्यक्रमों की समीक्षा कर अपेक्षित संशोधन/नवीनीकरण करने पर विचारार्थ।

निदेशक-आई.क्यू.ए.सी. महोदय द्वारा समिति में सूचित किया गया कि विश्वविद्यालय के स्नातक कक्षाओं का पाठ्यक्रम वि.वि.अ.आयोग के मानकों के अनुरूप नहीं है। पाठ्यक्रम में वांछित संशोधन अत्यावश्यक है।

राजेश कुमार
सहायक कुलसचिव (विकास)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, दिल्ली-110016

4/1/24

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

इस कार्य को प्रारूप के अनुसार कराने हेतु एक समिति का गठन किया जा सकता है। समिति का कार्य प्रत्येक विभाग के अध्ययन मण्डल को UGC द्वारा निर्धारित मापदण्डो के विषय में अवगत कराना तथा नव निर्मित पाठ्यक्रम की समीक्षा करना होगा। समिति द्वारा निदेशक-आई.क्यू.ए.सी. के सुझाव को स्वीकार किया गया तथा इसके अनुसार कार्य को करने का आग्रह किया गया। इन्टर्नशिप के सन्दर्भ में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा निर्मित दिशा-निर्देशों से सहायता ली जाय तथा उसके अनुसार नए दिशा-निर्देश तैयार किए जा सकते हैं। अतः समिति के गठन हेतु दायित्व पीठाध्यक्ष (शैक्षणिक) को दिया जाय।

कार्यसूची संख्या-6: सम्बन्धित विभागों द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु विषयानुसार तैयार PO, PSO, CO की सूची अवलोकन, पुष्टि एवं एवं LO की स्थिति पर विचारार्थ।
समिति द्वारा छठी कार्यसूची के अनन्तर में सुझाया गया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित PO, PSO तथा CO की समीक्षा की जाएँ तथा पूर्व में गठित समिति में एक बाह्य विषय विशेषज्ञ को समाहित किया जाय। पूर्व में गठित PO, PSO तथा CO की समिति के द्वारा ही समीक्षा कराई जानी अत्यावश्यक है। अतः बाह्य विषय विशेषज्ञ को समिति द्वारा अतिशीघ्र नियुक्त किया जाये तथा LO की समीक्षा भी इसी समिति के द्वारा कराई जाये। ताकि नवीन पाठ्यक्रम में शिक्षानीति-2020 एवं नैक के मानकों के अनुसार वांछित संशोधनों को किया जा सके। समिति द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकार किया गया।

**कार्यसूची संख्या-7: CBCS के अनुसार पूर्व में स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु पाठ्यक्रमों में CCFPG-UGC के अनुपालन में संशोधन करने के लिए पाठ्यक्रम प्रारुप तैयार करने हेतु समिति के गठन पर विचारार्थ प्रस्तुत।**
विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर कक्षाओं के पाठ्यक्रम को वि.वि.अ.आयोग के मानकों के अनुरूप करने हेतु पाठ्यक्रम में संशोधन अत्यावश्यक हैं। सभी विभागों के पाठ्यक्रमों को मानकों के अनुसार निर्मित कराने हेतु एक समिति का गठन किया जा सकता है। समिति का कार्य प्रत्येक विभाग के अध्ययन मण्डल को UGC द्वारा निर्धारित मापदण्डो के विषय में अवगत कराना एवं नव निर्मित पाठ्यक्रम की समीक्षा करना होगा। निदेशक-आई.क्यू.ए.सी. द्वारा सुझाया गया कि विश्वविद्यालय की AQAR में प्रतिवर्ष शामिल किया जाने वाला पाठ्यक्रम सम्बन्धी विवरण त्रिभाषीय होना चाहिए। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विवरण LO आदि का निर्माण विभागीय स्तर पर विभाषीय रूप में किया जाना चाहिए। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विवरण को टंकित कराना व संशोधन कराना विभाग का दायित्व होना चाहिए। अतः समिति के गठन हेतु पीठाध्यक्ष (शैक्षणिक) को दायित्व दिया जा सकता है। समिति द्वारा निदेशक महोदय के सुझाव को सराहा गया तथा स्वीकार भी किया गया।

**कार्यसूची संख्या-8: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में विद्यावारिधि (Ph.D) के सत्रीय पाठ्यक्रम में संशोधन एवं नवीनीकरण हेतु विचारार्थ प्रस्तुत।**
विश्वविद्यालय में विद्यावारिधि की सत्रीय कक्षाओं के पाठ्यक्रम विषय में शिक्षाशास्त्र विभाग की आचार्य प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज द्वारा सूचित किया गया कि विद्यावारिधि की कक्षाओं में संगणक सामान्य स्तर का पाठ्यक्रम दिया गया है, जिसमें संशोधन अत्यावश्यक है। शोध की कक्षाओं हेतु शोध के स्तर का पाठ्यक्रम होना चाहिए। समिति सदस्य प्रो. शिवशंकर मिश्र द्वारा सुझाया गया कि संगणक का पाठ्यक्रम शोध कक्षाओं हेतु शिक्षाशास्त्र एवं परम्परागत दोनों के लिए समान होना चाहिए। इस कार्य को सुचारू रूप करने का दायित्व शोध विभागाध्यक्ष को दिया जा सकता है।

राजेश कुमार
सहायक कुलसचिव (...)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, दिल्ली-110016

सत्यापित
VERIFIED

5/11/24

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कार्यसूची संख्या-9: विश्वविद्यालय की वेबसाईट को अद्यतन तथा बहूपयोगी कराने के सम्बन्ध में प्रस्तुत।

विश्वविद्यालय की वेबसाईट अपडेट कराने हेतु समिति द्वारा सुझाया गया कि कुलसचिव महोदय को इस कार्य को पूर्ण कराने हेतु स्वयं कदम उठाना होगा। समिति सदस्या प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज द्वारा सुझाया गया कि प्रत्येक विभाग वेबसाईट को अपडेट कराने हेतु किसी एक विभागीय व्यक्ति विशेष को नियुक्त करे, जिससें कार्य में सुविधा होगी।

समिति के सम्माननीय बाह्य सदस्य प्रो. ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज द्वारा सुझाया गया कि संगणक विभाग को कुलसचिव महोदय स्वयं निर्देशित कर सकते हैं। प्रत्येक विभाग अपने-अपने विभाग की गतिविधियों को वेबसाईट पर अपडेट कराने के पूर्व कुलसचिव महोदय को प्रेषित करें तथा कुलसचिव महोदय इस कार्य की गुणवत्ता निर्धारणार्थ किसी समिति का गठन कर सकते हैं। उनके संशोधन के उपरान्त संगणक विभाग को विवरण प्रेषित किया जा सकता है।

निदेशक-आई.क्यू.ए.सी. द्वारा सुझाया गया कि इस कार्य को उचित ढंग से पूर्ण करने हेतु सभी विभागों के विभागाध्यक्षों एवं उच्च अधिकारियों की एक बैठक कराई जा सकती है।

कार्यसूची संख्या-10: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचारार्थ प्रस्तुत अन्य विषय।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से एक अन्य विषय भी स्वीकृत किया गया कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर मानित विश्वविद्यालय के लक्ष्य एवं उद्देश्य प्रस्तुत हैं। अब लक्ष्य एवं उद्देश्यों को केन्द्रीय विश्वविद्यालयानुसार अद्यतन कर वेबसाईट पर आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

सभी समिति सदस्यों द्वारा यह सुझाया गया कि नैक दिशानिर्देशों के अनुसार आई.क्यू.ए.सी. समिति बैठकें निर्धारित समय पर आयोजित होनी चाहिए, ताकि AQAR में मानकों के अनुरूप गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया जा सके।

बैठक समाप्ति पर आईक्यूएसी निदेशक द्वारा माननीय कुलपति महोदय एवं सम्मलित सभी सदस्यों को धन्यवाद प्रदान करते हुए सभी सहयोगी कर्मचारियों के कार्य की भी सराहना की गई ।

(प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी)
निदेशक, सदस्य सचिव

(प्रो. मुरली मनोहर पाठक)
कुलपति/अध्यक्ष

राजेश कुमार
सहायक कुलसचिव (विकास)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016